रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 355] नई दिल्ली, शुक्रवार, नवम्बर 8, 2019/कार्तिक 17, 1941
No. 355] NEW DELHI, FRIDAY, NOVEMBER 8, 2019/KARTIKA 17, 1941

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

संकल्प

नई दिल्ली, 8 नवम्बर, 2019

सं. पी-12029(11)/2/2018-ओएमसी-पीएनजी.—भारत सरकार ने दिनांक 21 नवंबर, 1997 के संकल्प संख्या सं.पी-20012/29/97-पीपी द्वारा मोटर स्प्रिट (एमएस), हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) और विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की प्रशासित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का निर्णय लिया। तत्पश्चात, मार्च, 2000 में 'भारतीय हाइड्रोकार्बन विजन-2025' विकसित करने के लिए विशेष रूपरेखा तैयार करने वाले मंत्री समूह द्वारा प्रस्तुत की गई एक रिपोर्ट के आधार पर भारत सरकार ने दिनांक 08 मार्च, 2002 के संकल्प संख्या पी-23015/1/2001-विपणन द्वारा निजी क्षेत्र सहित नई कंपनियों को परिवहन ईंधनों का विपणन करने का प्राधिकार प्रदान करने का निर्णय लिया। तत्पश्चात, दिनांक 10.08.2015 के संकल्प संख्या पी-11013/1/2-15-वितरण द्वारा जैव डीजल को भी इसमें शामिल करने के लिए उक्त संकल्प को संशोधित किया गया था। उक्त संकल्प में दिशा-निर्देशों से आज तक प्राधिकार प्रदान करने की प्रक्रिया को विनियमित किया जा रहा है।

2. विपणन के बदले हुए तौर-तरीकों को ध्यान में रखते हुए और निजी क्षेत्र की विपणन कंपनियों से और अधिक प्रतिस्पर्धा शुरू करके खुदरा विपणन में सेवा स्तरों में और अधिक सुधार करने के उद्देश्य से परिवहन ईंधनों के विपणन हेतु प्राधिकार प्रदान करने के लिए मौजूदा दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न मुद्दों की जांच करने के लिए दिनांक 05 अक्तूबर, 2018 के आदेश संख्या सं. पी-12029(11)/2/2018-ओएमसी-पीएनजी द्वारा इस मंत्रालय ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। रिपोर्ट में एमएस और एचएसडी के विपणन में विदेशी कंपनियों सहित निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और वैकल्पिक ईंधनों के वितरण को बढ़ावा देने तथा दूरस्थ क्षेत्रों में खुदरा नेटवर्क को बढ़ाने और ग्राहक सेवा के उच्चतर स्तर को सुनिश्चित करने के लिए उपायों की सिफारिश की गई है।

3. भारत सरकार ने उपर्युक्त रिपोर्ट तथा विभिन्न पणधारकों से प्राप्त हुई टिप्पणियों पर विचार करने के बाद अब परिवहन ईंधनों अर्थात एमएस तथा एचएसडी का विपणन करने का प्राधिकार निजी क्षेत्र सहित नई कंपनियों को प्रदान करने तथा पहले से ही प्राधिकृत की जा चुकी कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) के लिए निर्धारित शर्तों में कुछ संशोधन करने के लिए भी दिशा-निर्देशों को संशोधित करने का निर्णय लिया है।

4. इसे ध्यान में रखते हुए कि परिवहन ईंधनों (एमएस और एचएसडी) के विपणन का खुदरा और थोक कारोबार प्रकृति में अलग-अलग हैं, इसलिए कंपनियां खुदरा कारोबार अथवा थोक कारोबार अथवा दोनों के लिए आवेदन कर सकती हैं।

5. **खुदरा कारोबार** तब होता है जब एक कंपनी अपने खुदरा बिक्री केन्द्रों में स्थापित वितरण इकाइयों के जरिए उत्पादों की बिक्री करती है। **थोक कारोबार** तब होता है जब एक कंपनी सीधे ही अंत्य प्रयोक्ताओं को (उनकी अपनी खपत के लिए और पुन:बिक्री के लिए नहीं) और/अथवा ऐसी अन्य कंपनियों को उत्पाद की थोक में {सामान्यत: न्यूनतम बारह हजार (12,000) लीटर प्रति डिलीवरी का लदा हुआ पूरा ट्रक} आपूर्ति करती है जिन्होंने विपणन प्राधिकार (खुदरा बाजार अथवा थोक बाजार अथवा दोनों में बिक्री के लिए) प्राप्त कर लिए हैं। प्रत्येक प्रकार के आवेदन के लिए प्राधिकार प्रदान करने संबंधी दिशा-निर्देश नीचे अलग से बताए गए हैं।

6. खुदरा विपणन के लिए प्राधिकार : खुदरा कारोबार तब होता है जब एक कंपनी अपने खुदरा बिक्री केन्द्रों में स्थापित वितरण इकाइयों के जरिए उत्पादों की बिक्री करती है।

6.1 पात्रता मानदंड

6.1.1 केवल खुदरा विपणन के लिए प्राधिकार हेतु आवेदन करने वाली कंपनी का न्यूनतम निवल मूल्य प्राधिकार प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार को आवेदन करने के समय कम से कम 250 करोड़ रुपए (दो सौ पचास करोड़ रुपए) होना चाहिए। तदनुसार, कंपनी द्वारा अपने आवेदन के समर्थन में पिछले वित्त वर्ष के लेखा परीक्षित लेखाओं से संबंधित विवरण प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा। इसके अलावा, कंपनी द्वारा यह सुनिश्चित करना अपेक्षित होगा कि प्राधिकार की अवधि के दौरान किसी भी समय उसका निवल मूल्य 250 करोड़ रुपए से कम नहीं होगा। अत: कंपनी द्वारा इस संबंध में लेखा परीक्षित लेखाओं से संबंधित विवरण सहित केंद्र सरकार को एक वार्षिक विवरण प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा। यदि दई स्थापित हुई कंपनी प्राधिकार प्राप्त करने के लिए आवेदन कर रही है और उसके पास लेखा परीक्षित लेखाओं से संबंधित विवरण नहीं है तो सनदी लेखाकार से इस आशय का प्रमाण पत्र स्वीकार कर लिया जाएगा कि कंपनी का निवल मूल्य 250 करोड़ रुपए है। आवेदन के संबंध में निर्णय लेते समय केवल प्राधिकार के लिए आवेदन करने वाली कंपनी के (उसकी मूल कंपनी के नहीं) प्रत्यय पत्रों पर विचार किया जाएगा।

6.1.2 खुदरा विपणन के लिए प्राधिकार कंपनी की इस संकल्प तथा कंपनी को जारी किए गए प्राधिकार पत्र में बताई गई शर्तों का अनुपालन करने की वचनबद्धता पर निर्भर करेगा।

6.1.3 प्राधिकृत कंपनियों द्वारा अपने प्रस्तावित खुदरा बिक्री केन्द्रों (आरओज) में उक्त बिक्री केन्द्र का प्रचालन शुरू करने से तीन वर्ष के भीतर कम से कम एक नई पीढ़ी के वैकल्पिक ईंधन जैसे संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी), जैव ईंधन, तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का विपणन करने, इलैक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग प्वाइंट आदि की सुविधाएं स्थापित करना अपेक्षित है बशर्ते कंपनी अन्य विविध सांविधिक दिशा निर्देशों (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन आदि के, यथा लागू) का अनुपालन कर रही है। प्राधिकृत कंपनी पर अन्य कंपनियों द्वारा नई पीढ़ी ईंधनों की बिक्री के लिए समान खुदरा बिक्री केन्द्र परिसरों का उपयोग करने पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा बशर्ते कंपनी यथा लागू सभी सांविधिक दिशा निर्देशों का अनुपालन कर रही हो।

6.2 आवेदन प्रक्रिया

खुदरा विपणन के लिए प्राधिकार प्राप्त करने की इच्छुक कंपनी केन्द्र सरकार को 25 लाख रुपए (पच्चीस लाख रुपए) के अपेक्षित गैर-वापसी योग्य आवेदन-शुल्क सहित निर्धारित तरीके से आवेदन करेगी। कंपनी को कम से कम 100 खुदरा बिक्री केन्द्र स्थापित करने होंगे जिनमें से स्थापना हेतु प्रस्तावित खुदरा बिक्री केन्द्रों के कम से कम पांच प्रतिशत (5%) बिक्री केन्द्र पैरा 6.2.1 में बताई गई समय सीमा के अनुसार प्राधिकार प्रदान किए जाने से 5 वर्ष के भीतर अधिसूचित दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित करने होंगे। पैरा 6.2.1 में यथा उल्लिखित प्राधिकृत खुदरा बिक्री केन्द्रों की संचित प्रतिशतता खुदरा बिक्री केन्द्रों की वह संख्या है जिन्हें उस वर्ष के अंत तक कंपनी द्वारा स्थापित करना अपेक्षित है। वर्ष का परिकलन प्राधिकार प्रदान करने की तारीख से किया जाएगा।

प्राधिकृत कंपनी को किसी एमएस तथा एचएसडी अथवा दोनों के अपने गैर-दूरस्थ खुदरा बिक्री केन्द्र को चालू करने की छूट होगी। तथापि, एक दूरस्थ क्षेत्र के खुदरा बिक्री केन्द्र पर एमएस और एचएसडी दोनों की सुविधा उपलब्ध करवाना अनिवार्य होगा। गैर-दूरस्थ खुदरा बिक्री केन्द्रों के मामले में यदि कोई कंपनी एक स्थल पर केवल एमएस सुविधा और अन्य स्थल पर केवल एचएसडी सुविधा उपलब्ध करवाती है तो उन्हें दो खुदरा बिक्री केन्द्र माना जाएगा।

6.2.1 दूरस्थ क्षेत्र खुदरा बिक्री केंद्रों को चालू करने का कार्यक्रम

दूरस्थ क्षेत्र न्यूनतम खुदरा बिक्री केंद्रों को चालू करने की समय-सीमा निम्नानुसार है:

वर्ष के अंत में	अपेक्षित दूरस्थ क्षेत्र आरओ का न्यूनतम संचयी प्रतिशत (%)*
पहला	**0**
दूसरा	**0**
तीसरा	**20**
चौथा	**50**
पांचवां	**100**

*यदि संख्या दशमलव में आती है, तो अगले उच्च अंक तक पूर्णांकित किया जाएगा।

(उदाहरण के लिए यदि प्रतिशत 4.2 हो जाता है, तो इसे 5 पर पूर्णांकित किया जाएगा)

6.2.2 विपणन योजना

खुदरा विपणन के लिए प्राधिकार की मांग करने वाली कंपनी भी अपने आवेदन में एक विपणन योजना प्रस्तुत करेगी। कंपनी के लिए आवश्यक होगा कि वह खुदरा बिक्री केंद्र की वर्षवार संख्या बताए जो वह आवेदन में ही न्यूनतम सौ (100) खुदरा बिक्री केंद्रों के अधीन स्थापित करने का प्रस्ताव करता है। उपर्युक्त के अलावा, विपणन योजना में निम्नलिखित शामिल होंगे:

- विपणन किए जाने वाले उत्पादों की आपूर्ति का स्रोत;
- अपनी क्षमता के साथ टैंक और अन्य बुनियादी ढांचे;
- डिपो और आरओ को उत्पादों के परिवहन के साधन; तथा
- आरओ की वर्षवार प्रस्तावित संख्या।

6.2.3 दूरस्थ क्षेत्र दायित्व

6.2.3.1 प्रस्तावित खुदरा बिक्री केंद्रों को पांच प्रतिशत (5%) अधिसूचित दूरस्थ क्षेत्रों में कंपनी द्वारा प्राधिकृत किए जाने के पांच वर्ष के भीतर पैरा 6.2.1 में दर्शाई गई समय-सीमा के अनुसार स्थापित किया जाएगा। वर्तमान में इस संकल्प के उद्देश्य के लिए **दूरस्थ क्षेत्र (आरए)** को दिनांक 5 अगस्त 2003 की अधिसूचना सं. पी-23015/1/2003-विपणन में परिभाषित किया गया है। केंद्र सरकार समय-समय पर दूरदराज के क्षेत्रों में निर्दिष्ट क्षेत्रों की सूची को अद्यतन कर सकती है ताकि विभिन्न ओएमसी द्वारा स्थापित खुदरा बिक्री केंद्रों की संख्या को ध्यान में रखा जा सके और सभी दूरस्थ क्षेत्रों की कवरेज सुनिश्चित की जा सके। एक बार जब किसी विशेष दूरस्थ क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में खुदरा बिक्री केंद्र स्थापित हो जाएं, तो केंद्र सरकार ऐसे क्षेत्र को सूची से बाहर करने की अधिसूचना जारी कर सकती है जो सामान्यत: ऐसी अधिसूचना के एक साल बाद प्रभावी होंगे। तथापि, यदि कोई खुदरा बिक्री केंद्र एक बार किसी दूरस्थ क्षेत्र में स्थापित हो जाता है तो उसे दूरस्थ क्षेत्र के खुदरा बिक्री केंद्र के रूप में गिना जाता रहेगा।

6.2.3.2 कंपनी के लिए दूरस्थ क्षेत्र खुदरा बिक्री केंद्रों के प्रति अपने दायित्व के संबंध में निम्नलिखित दो विकल्प उपलब्ध होंगे, जिन्हें उन्हें आवेदन के समय ही चुनना होगा।

विकल्प-1: यदि कंपनी स्वयं ऐसा आरओ स्थापित नहीं करना चाहती तो उसे सरकार द्वारा प्राधिकार प्रदान किए जाने के एक महीने के भीतर दूरस्थ क्षेत्र आरओ को 2 करोड़ रुपए (दो करोड़ रुपए) का अग्रिम भुगतान करना होगा।

विकल्प-2: यदि प्राधिकृत कंपनी स्वयं ऐसे आरओ स्वयं स्थापित करना चाहती है, तो सरकार को प्राधिकार प्रदान किए जाने के एक माह के भीतर प्रति दूरस्थ क्षेत्र आरओ के लिए 3 करोड़ रुपए (तीन करोड़ रुपए) की बैंक गारंटी (बीजी) जमा कराएगी। यदि प्राधिकृत कंपनी पैरा 6.2.1 में उपर्युक्त समय-सीमा के अनुसार दूरस्थ क्षेत्र आरओ स्थापित करने में विफल रहती है, तो सरकार कमी वाले वर्ष की समाप्ति पर दूरस्थ क्षेत्र आरओ में 3 करोड़ रुपए/ आरओ की दर से कमी के बराबर बैंक गारंटी को तत्काल भुना लेगी। वर्ष की गणना प्राधिकार प्रदान किए जाने की तारीख से की जाएगी।

6.2.3.3 केंद्र सरकार बोली प्रक्रिया का उपयोग करके या पीएसयू ओएमसी के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में खुदरा बिक्री केंद्रों की स्थापना के लिए उपरोक्त दोनों विकल्पों के तहत प्राप्त निधियों का उपयोग करेगी।

तत्पश्चात, अनुसूची के अनुसार कंपनी द्वारा स्थापित किए जाने वाले अधिकृत आरओ की कुल संख्या को दूरस्थ क्षेत्र की बाध्यता को पूरा करने के लिए भुगतान की गई अग्रिम राशि (विकल्प 1) या दंड (विकल्प 2) में से घटा दिया जाएगा।

6.2.4 दूरस्थ सेवा आरओ के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व (यूएसओ)

प्राधिकृत कंपनियों को समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित और नीचे दिए गए तरीके से दूरस्थ क्षेत्र खुदरा बिक्री केंद्रों के संबंध में कुछ सार्वभौमिक सेवा दायित्वों (यूएसओ) का पालन करना होगा।

- निर्दिष्ट कार्य समय के दौरान और निर्दिष्ट गुणवत्ता और मात्रा में खुदरा उपभोक्ताओं को एमएस और एचएसडी की आपूर्ति बनाए रखना।
- खुदरा बिक्री केंद्रों पर सभी खुदरा उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट एमएस और एचएसडी के न्यूनतम इन्वेंट्री स्तर को बनाए रखना।
- उपयुक्त समयावधि के भीतर और मांग करने पर बिना किसी भेदभाव के किसी भी व्यक्ति को सेवा प्रदान करना।
- ग्राहकों को हर समय उचित मूल्य पर ईंधन उपलब्ध कराना।

6.2.5 बैंक गारंटी (बीजी) और दंड

कंपनी निम्नलिखित को पूरा करने के लिए खुदरा विपणन का प्राधिकार प्रदान करते समय केंद्र सरकार के पास एक बैंक गारंटी जमा करेगी:

(i) 3 करोड़ (तीन करोड़ रुपए) प्रति दूरस्थ क्षेत्र, यदि कंपनी ने दूरस्थ क्षेत्र आरओ की स्थापना की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए समय-सीमा के अनुसार और आरओ के संबंध में यूएसओ को पूरा करने के लिए उपर्युक्त पैरा 6.2.3.2 में विकल्प 2 को चुना है। यदि प्राधिकृत कंपनी अनुमोदित समय-सीमा के अनुसार किसी भी दूरस्थ क्षेत्र आरओ को स्थापित करने में विफल रहती है, तो केंद्र सरकार उस वर्ष के लक्ष्य की तुलना में स्थापना में कमी के बराबर प्रति दूरस्थ क्षेत्र आरओ 3 करोड़ रुपए (तीन करोड़ रुपए) की नकद बैंक गारंटी को भुना लेगी। वास्तव में स्थापित प्रति दूरस्थ आरओ 2.5 करोड़ रुपए (दो करोड़ पचास लाख रुपए) की बैंक गारंटी को सरकार द्वारा तभी जारी किया जएगा जब अधिकृत कंपनी ने स्वयं आरओ स्थापित करके या 3 करोड़ रुपए (तीन करोड़ रुपए) के दंड का भुगतान करके अपने दायित्वों का पूर्ण निर्वहन किया है। प्रति दूरस्थ आरओ 50 लाख रुपए (पचास लाख रुपए) की शेष बीजी को इन आरओ के लिए यूएसओ को पूरा करने वाली अधिकृत कंपनी की सुरक्षा जमा राशि के रूप में रखा जाएगा। तथापि, यदि कंपनी ने उपर्युक्त पैरा 6.2.3.2 में विकल्प 1 को चुना है, तो दूरस्थ क्षेत्र आरओ की स्थापना और दूरस्थ क्षेत्र से संबंधित यूएसओ को पूरा करने के लिए कोई बैंक गारंटी नहीं ली जाएगी।

(ii) जनता/ डीलरों को इसके प्रचालन के बारे में उचित प्रतिनिधित्व करने, ग्राहकों को उच्च ग्राहक सेवा प्रदान करने और केंद्र सरकार या उसकी नामित एजेंसी को इसके बुनियादी ढांचे/बिक्री/प्रचालन आदि के बारे में समय पर और नियमित जानकारी प्रदान करने के संदर्भ में बाजार में अनुशासित व्यवहार बनाए रखने के लिए 5 करोड़ रुपए। बीजी को उन सभी अधिकृत संस्थाओं से एकत्र किया जाएगा, जिन्होंने पैरा 6.2.3.2 में विकल्प 1 या विकल्प 2 को चुना है। अनुशासनहीनता के प्रत्येक प्रमाणित मामले में प्रति मामला 25 लाख रुपए (रुपए 25,00,000/-) का जुर्माना लगाया जा सकता है। यदि प्राधिकृत कंपनी निर्धारित समय में जुर्माने का भुगतान करने में विफल रहती है, तो सरकार को जुर्माने के बराबर बीजी को भुनाने का अधिकार होगा और प्राधिकृत कंपनी को बीजी के भुनाने की तारीख से साठ दिन की अवधि के भीतर 5 करोड़ रुपए (रुपए 5,00,00,000/-) के पूर्ण मूल्य पर बीजी को फिर से पूरा करना होगा।

(iii) अनुशासन बनाए रखने में बार-बार चूक होने की स्थिति में, दूरस्थ क्षेत्र के दायित्व और अनुशासन के लिए सरकार के पास जमा की गई दोनों बैंक गारंटी को सरकार द्वारा भुना लिया जाएगा और प्राधिकृत कंपनी द्वारा जमा/ भुगतान की गई कोई भी राशि जब्त कर ली जाएगी। इसके अलावा, सरकार सार्वजनिक हित में विपणन प्राधिकार को भी रद्द कर सकती है।

6.2.6 अन्य बिंदु

'सामान्य' श्रेणी के तहत एक पीएसयू ओएमसी वाली डीलरशिप रखने वाले व्यक्तियों को एक से अधिक विपणन कंपनी की डीलरशिप लेने की अनुमति दी जा सकती है, लेकिन यह भावी आरओ के लिए एक अलग साइट पर होगी, बशर्ते कि इसकी मौजूदा पीएसयू ओएमसी के साथ अनुबंध/ समझौतों में अनुमति दी जा रही हो।

किसी अधिकृत कंपनी या पीएसयू ओएमसी द्वारा काली सूची में डाले गए किसी आरओ डीलर को अन्य अधिकृत कंपनी या पीएसयू ओएमसी की डीलरशिप लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, रद्द डीलरशिप की साइटों का उपयोग अन्य अधिकृत कंपनी द्वारा किया जाएगा, बशर्ते कि रद्द खुदरा बिक्री केंद्र की साइट को प्रचालित करने के लिए मूल अधिकृत कंपनी से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किया गया हो।

किसी भी अधिकृत कंपनी को किसी अन्य कंपनी के मौजूदा खुदरा बिक्री केंद्र से परिवहन ईंधन की बिक्री करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, अर्थात् किसी अन्य ओएमसी द्वारा किसी ओएमसी के मौजूदा खुदरा बिक्री केंद्र का अतिक्रमण करने की अनुमति नहीं दी जाती है।

7. **थोक विपणन के लिए प्राधिकार:** बल्क व्यवसाय वह है जब कोई कंपनी अंतिम उपयोगकर्ताओं (अपने स्वयं के उपभोग के लिए न कि पुनर्विक्रय के लिए) को बल्क में {सामान्यत: न्यूनतम बारह हजार (12,000) लीटर प्रति डिलीवरी का कम से कम एक पूर्ण ट्रक लोड} और/या अन्य कंपनियों जिन्होंने विपणन प्राधिकार प्राप्त किया है (खुदरा या थोक या दोनों में बेचने के लिए) को उत्पाद की आपूर्ति प्रत्यक्ष रूप से करती है। थोक में बिक्री करने का प्राधिकार केवल एमएस और एचएसडी के लिए होगा।

7.1 पात्रता मानदंड

केंद्र सरकार को प्राधिकार के लिए आवेदन करते समय खुदरा विपणन के लिए प्राधिकार की मांग करने वाली कंपनी का अपना कम से कम 250 करोड़ रुपए (दो सौ पचास करोड़ रुपए) का न्यूनतम निवल मूल्य होना चाहिए। तदनुसार, कंपनी को अपने आवेदन के समर्थन में पिछले वित्तीय वर्ष के लेखा परीक्षित विवरण प्रस्तुत करना होगा। इसके अलावा कंपनी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसका निवल मूल्य प्राधिकार की अवधि के दौरान किसी भी समय 250 करोड़ रुपए से कम न हो जाए। इसलिए, कंपनी को लेखा परीक्षित विवरण के साथ केंद्र सरकार को इस संबंध में एक वार्षिक विवरणी दाखिल करनी होगी। नई स्थापित कंपनी के मामले में जो प्राधिकरण के लिए आवेदन करती है और जिसके पास लेखा परीक्षित विवरण नहीं होते हैं, को एक चार्टर्ड अकाउंटेंट से एक प्रमाण-पत्र, जिसमें यह उल्लेख किया गया हो कि कंपनी का निवल मूल्य 250 करोड़ है,

स्वीकार्य होगा। प्राधिकार के लिए आवेदन करने वाली कंपनी, न कि उसकी मूल कंपनी, यदि कोई हो, के पूर्ववृत्त पर ही विचार किया जाएगा।

7.2 आवेदन प्रक्रिया

खुदरा विपणन के लिए प्राधिकार की मांग करने वाली कंपनी 25 लाख रुपए (पच्चीस लाख रुपए) के अपेक्षित अप्रतिदेय आवेदन शुल्क सहित निर्धारित तरीके से केंद्र सरकार को एक आवेदन करेगी और उसे अप्रतिदेय प्राधिकार शुल्क के रूप में 15 करोड़ रुपए (पंद्रह करोड़ रुपए) की राशि प्राधिकार प्रदान किए जाने के समय अग्रिम भुगतान के रूप में देना होगी।

थोक विपणन के प्राधिकार की मांग करने वाली कंपनी केंद्र सरकार को अपने आवेदन के साथ एक विपणन योजना संलग्न करेगी जिसमें निम्नलिखित का विवरण होगा:

- विपणन किए जाने वाले उत्पादों की आपूर्ति का स्रोत;
- उनकी क्षमता के साथ टैंकज और अन्य बुनियादी ढांचे;
- डिपुओं और आरओ को उत्पादों के परिवहन के साधन; तथा
- कवर किए जाने वाले उत्पादों की कुल मात्रा और किस्म।

7.3 बैंक गारंटी और जुर्माना

कंपनी निम्नलिखित को पूरा करने के लिए थोक विपणन के लिए प्राधिकार प्रदान करते समय केंद्र सरकार को एक बैंक गारंटी जमा करेगी:

(i) थोक विपणन के लिए प्राधिकार प्रदान करते समय 5 करोड़ रुपए (पांच करोड़ रुपए) ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्राधिकृत कंपनी जनता/ग्राहकों/चैनल भागीदारों को अपने प्रचालनों के बारे में उचित प्रतिनिधित्व के संदर्भ में अपने प्राधिकार के प्रचालन में अनुशासन को बनाए रखे और केंद्र सरकार या इसकी नामित एजेंसी को नियमित और समय पर निर्धारित जानकारी प्रदान करे। अनुशासनहीनता के प्रत्येक प्रमाणित उदाहरण के मामले में प्रति मामला 25 लाख रुपए (पच्चीस लाख रुपए) का जुर्माना लगाया जाएगा। यदि प्राधिकृत कंपनी किसी निश्चित समय में जुर्माना का भुगतान करने में विफल रहती है, तो सरकार को जुर्माना मूल्य के बराबर बीजी को भुनाने का अधिकार होगा और प्राधिकृत कंपनी को बीजी के भुनाए जाने की तारीख से साठ दिनों की अवधि के भीतर बीजी के पूर्ण मूल्य 5 करोड़ रुपए (पांच करोड़ रुपए) की भरपाई करने की आवश्यकता होगी।

(ii) अनुशासन बनाए रखने में बार-बार चूक होने की स्थिति में, सरकार द्वारा उसके पास जमा कंपनी की पूरी बैंक गारंटी को भुना लिया जाएगा और कंपनी द्वारा सरकार के पास जमा/भुगतान की गई कोई भी राशि जब्त कर ली जाएगी। इसके अलावा, सरकार सार्वजनिक हित में विपणन प्राधिकार को भी रद्द कर सकती है।

8. खुदरा और थोक विपणन दोनों के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों के लिए दिशानिर्देशों की प्रयोज्यता:

खुदरा और थोक विपणन दोनों के लिए प्राधिकार की मांग करने वाली कोई कंपनी केंद्र सरकार को 50 लाख रुपए (पचास लाख रुपए) की अपेक्षित अप्रतिदेय आवेदन शुल्क के साथ एक आवेदन करेगी और उसका न्यूनतम निवल मूल्य 500 करोड़ रुपए (पाँच सौ करोड़ रुपए) होना चाहिए तथा उसे उपर्युक्त पैरा 5 और 6 और उनके उप-पैरा में उल्लिखित सभी प्रावधानों का निम्नलिखित संशोधनों के साथ पालन करना होगा:

(i) थोक विपणन के लिए अप्रतिदेय प्राधिकार शुल्क 10 करोड़ रुपए (दस करोड़ रुपए) होगा।

(ii) खुदरा और थोक दोनों प्राधिकारों के लिए, कंपनी को दोनों व्यवसायों से संबंधित अपने दायित्वों को पूरा करना होगा, तथापि, उसे अनुशासित व्यवहार के संबंध में दायित्व को पूरा करने के लिए 10 करोड़ रुपए (दस करोड़ रुपए) की बजाय 5 करोड़ रुपए (पांच करोड़ रुपए) की बैंक गारंटी जमा करनी होगी।

9. मौजूदा अधिकृत कंपनियों के लिए नए दिशानिर्देशों की प्रयोज्यता

नए दिशानिर्देश मौजूदा कंपनियों पर भी लागू होंगे, जिन्हें दिनांक 8.3.2002/10.8.2015 की राजपत्र अधिसूचना द्वारा जारी किए गए पूर्व दिशानिर्देशों और मौजूदा पीएसयू ओएमसी अर्थात् इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के अंतर्गत निम्नलिखित प्रकार से परिवहन ईंधन की बिक्री करने के लिए अधिकृत किया गया है:

9.1 दिनांक 8.3.2002/10.8.2015 की राजपत्र अधिसूचना द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत परिवहन ईंधन के विपणन के लिए अधिकृत मौजूदा कंपनियां के मामले में विपणन

i. दिनांक 8.3.2002/10.8.2015 की राजपत्र अधिसूचना के द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत परिवहन ईंधनों के विपणन के लिए अधिकृत सभी कंपनियों को इन दिशानिर्देशों की अधिसूचना की तारीख के बाद उनके द्वारा स्थापित किए जाने वाले खुदरा दुकानों की संख्या के बारे में केंद्र सरकार को विस्तृत विपणन योजना प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी। उन्हें नए दिशानिर्देशों की अधिसूचना के बाद उनके द्वारा स्थापित किए जाने वाले खुदरा बिक्री केंद्रों की संख्या के अनुपात में दूरस्त क्षेत्रों में खुदरा बिक्री केंद्रों का पांच प्रतिशत (5%) स्थापित करने की भी आवश्यकता होगी। खुदरा बिक्री केंद्रों के विशिष्ट प्रतिशत की स्थापना की समय-सीमा ऊपर पैरा 6.2.1 में उल्लेख किए गए अनुसार नई कंपनियों के लिए प्रदान की गई समय-सीमा के अनुसार ही होगी और इसे लक्षित तारीख की गणना के उद्देश्य से प्रारंभिक तारीख के रूप में कंपनी द्वारा प्रस्तुत नई विपणन योजना के अनुमोदन की तारीख माना जाएगा। इन कंपनियों को भी नई कंपनियों को उपलब्ध दोनों विकल्प दिए जाएंगे अर्थात् प्रति दूरस्थ क्षेत्र आरओ के लिए 2 करोड़ रुपए का अग्रिम भुगतान करना या प्रति दूरस्थ क्षेत्र आरओ के लिए 3 करोड़ रुपए बैंक गारंटी जमा करना।

ii. इन कंपनियों को केंद्र सरकार को नए दिशानिर्देशों की अधिसूचना की तारीख के एक महीने के भीतर एक विवरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी, जिसमें पिछली नीति, जिसके द्वारा उन्हें प्राधिकार प्रदान किया गया था, की शर्तों के अनुसार दूरस्थ क्षेत्रों में खुदरा बिक्री केंद्रों की स्थापना के संबंध में अनुपालन की स्थिति प्रदान की जाएगी। किसी भी कमी के मामले में, कंपनी के प्रचालन के प्राधिकार को मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार वापस लिया जा सकता है। तथापि, कंपनी को नए दिशानिर्देशों की अधिसूचना की तारीख के दो महीने की अवधि के भीतर निम्नलिखित दो विकल्पों में से एक का उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी, ताकि वे पिछली अवधि के अपने दूरस्थ क्षेत्र आरओ दायित्वों को पूरा कर सकें:

क) प्रति दूररस्थ क्षेत्र आरओ की कमी के लिए 2 करोड़ रुपए का अग्रिम भुगतान किया जाए; या

ख) नए दिशानिर्देशों की अधिसूचना की तारीख से दो वर्ष के भीतर दूरस्थ क्षेत्र आरओ की स्थापना के लिए सुरक्षा के रूप में प्रति दूरस्थ आरओ 3 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी जमा किया जाए। यदि कंपनी दो वर्ष के भीतर इन दूरस्थ क्षेत्र आरओ की स्थापना करने में विफल रहती है, तो प्रति दूरस्थ आरओ की कमी के लिए 3 करोड़ रुपए की दर से बैंक गारंटी को दूसरे वर्ष के अंत में भुना पा लिया जाएगा। शेष बैंक गारंटी, यदि कोई हो, कंपनी को लौटा दी जाएगी।

iii. पारंपरिक ईंधनों के अलावा, अधिकृत कंपनियों को उक्त बिक्री केंद्रों के प्रचालन के 3 वर्ष के भीतर अपने प्रस्तावित खुदरा बिक्री केंद्रों (आरओ) पर कम से कम नई पीढ़ी के एक वैकल्पिक ईंधन की बिक्री के लिए उपर्युक्त पैरा 6.1.3 में उल्लिखित अनुसार की स्थापना करनी होगी।

iv. प्राधिकार की इन शर्तों के उल्लंघन के मामले में, अधिकृत कंपनियों को एक नोटिस जारी किया जाएगा कि क्यों न प्राधिकार को वापस ले लिया जाए। तथापि, यदि किसी कंपनी के पास सुदूर क्षेत्रों में खुदरा बिक्री केंद्रों की अधिशेष संख्या है, तो उसे भावी दायित्वों के साथ अधिशेष को समायोजित करने की अनुमति होगी।

v. थोक विपणन के लिए नई कंपनियों द्वारा देय 15 करोड़ रुपए (पंद्रह करोड़ रुपए) और बैंक गारंटी 5 करोड़ रुपए (पांच करोड़ रुपए) का प्राधिकार शुल्क लागू नहीं होगा।

9.2 मौजूदा पीएसयू ओएमसी (आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल) के मामले में विपणन

i. इन दिशानिर्देशों की अधिसूचना की तारीख के बाद, पीएसयू ओएमसी को उनके द्वारा प्रस्तावित खुदरा बिक्री केंद्रों जिनके लिए नए दिशानिर्देशों की अधिसूचना की तारीख को आशय-पत्र (एलओआई) जारी नहीं की गई है, की संख्या के संबंध में केंद्र सरकार को विस्तृत विपणन योजना प्रस्तुत करनी होगी। उन्हें दूरस्थ क्षेत्रों में खुदरा बिक्री केंद्रों की संख्या के अनुपात में पांच प्रतिशत (5%) खुदरा बिक्री केंद्र प्रदान करने होंगे, जिनकी एलओआई नए दिशानिर्देशों की अधिसूचना की तारीख के बाद जारी की जाएगी। खुदरा बिक्री केंद्रों के विशिष्ट प्रतिशत की स्थापना की समय-सीमा नई कंपनियों को प्रदान की गई समय-सीमा के अनुसार ही होगी जैसा कि पैरा 6.2.1 में उल्लेख किया गया है।

ii. पारंपरिक ईंधनों के अलावा, इन कंपनियों को उक्त बिक्री केंद्रों के प्रचालन के तीन वर्ष के भीतर अपने प्रस्तावित खुदरा बिक्री केंद्रों पर कम से कम नई पीढ़ी के एक वैकल्पिक ईंधन की बिक्री के लिए उपर्युक्त पैरा 6.1.3 में उल्लिखित अनुसार स्थापना करनी होगी।

iii. पीएसयू ओएमसी को दूरस्थ क्षेत्र के दायित्वों की पूर्ति की सुरक्षा के रूप में बैंक गारंटी जमा करने से छूट दी जाएगी। तथापि, दूरस्थ क्षेत्र आरओ स्थापित करने में चूक के मामले में लागू जुर्माना उन पर भी लागू होगा।

iv. थोक विपणन के लिए नई कंपनियों द्वारा देय 15 करोड़ रुपए (पंद्रह करोड़ रुपए) और 5 करोड़ रुपए (पांच करोड़ रुपए) की बैंक गारंटी का प्राधिकार शुल्क लागू नहीं होगा।

10. सामान्य बिंदु

10.1 कंपनियों को विपणन के लिए नई तकनीकों का उपयोग करने; डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने; महिलाओं और पूर्व सैनिकों को अधिक रोजगार प्रदान करना; और सभी आरओ पर सीसीटीवी सुविधा स्थापित करने की आवश्यकता होगी।

10.2 सूचना प्रस्तुत करना

10.2.1 अधिकृत कंपनियां पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी), केंद्र सरकार द्वारा नामित एजेंसी को समय-समय पर निर्दिष्ट प्रारूप में तिमाही विवरणी प्रस्तुत करेंगी, जिसमें दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित किए गए खुदरा बिक्री केंद्रों के विवरण सहित उनके भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) निर्देशांक के साथ स्थापित आरओ को स्पष्ट रूप से दर्शाया जाएगा।

10.2.2 उपर्युक्त के अलावा, सभी अधिकृत कंपनियों को अपने बुनियादी ढांचे, संभार-तंत्र, स्थानांतरण, बिक्री, आयात/ निर्यात आदि के संबंध में सूचना मासिक आधार पर समय-समय पर निर्धारित प्रपत्र और अवधि में पीपीएसी को प्रस्तुत करना होगा।

10.3 कंपनी को सरकार द्वारा समय-समय पर निर्दिष्ट न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और ग्राहक सेवा के उच्च स्तर प्रदान करने की आवश्यकता होगी।

11. प्राधिकार वापस करना

यदि कोई कंपनी किसी भी समय अपने प्राधिकार को वापस करना चाहती है, तो उसे इस संबंध में केंद्र सरकार को कारण बताते हुए एक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। सरकार सामान्यत: सभी बकाया / विवादों, यदि कोई हों, को निपटाने के प्राधिकृत कंपनी को अनुशासित व्यवहार के लिए प्राधिकार लौटाने और जमा बैंक गारंटी का रिफंड करने की अनुमति देगी, जबकि सरकार उसके पास जमा अन्य सभी राशि/ बैंक गारंटी को जब्त कर लेगी।

12. प्राधिकार का स्थानांतरण

केंद्र सरकार की पूर्व अनुमति के बिना परिवहन ईंधन की बिक्री करने का प्राधिकार हस्तांतरणीय नहीं होगा। प्राधिकार के हस्तांतरण को आम तौर पर प्राधिकार प्रदान किए जाने से सात वर्ष तक अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, विपणन प्राधिकार को किसी अन्य कंपनी को हस्तांतरित करने के मामले में, हस्तांतरण की जाने वाली कंपनी विपणन प्राधिकार प्रदान करने के लिए सभी पात्रता शर्तों को पूरा करेगी और यह प्राधिकृत कंपनी के सभी दायित्वों की जिम्मेदारी लेगी जो अपने विपणन प्राधिकार को स्थानांतरित कराना चाहते हैं।

13. प्राधिकार प्रदान करना, दिशानिर्देशों में संशोधन करने और विवाद के निवारण का अधिकार

13.1 सरकार (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय) कंपनी द्वारा आवेदन के समय प्राधिकार प्रदान नहीं करने का अधिकार रखती है और जनहित में ऐसा करने के कारण बताते हुए किसी भी समय प्राधिकार को निरस्त कर सकती है।

13.2 प्राधिकार कंपनी द्वारा उसकी निबंधन एवं शर्तों और इस संकल्प में निहित दिशानिर्देशों का अनुपालन करने के अधीन होगा, ऐसा न करने पर सरकार कंपनी के प्राधिकार को रद्द कर सकती है।

13.3 सरकार (पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय) जनहित में परिवहन ईंधनों की बिक्री के लिए प्राधिकार प्रदान करने के दिशानिर्देशों के किसी भी खंड में संशोधन करने/हटाने का अधिकार रखती है और अधिकृत कंपनियां सरकार के ऐसे परिवर्तनों और नीतिगत निर्णयों का पालन करेंगी।

13.4 इन दिशानिर्देशों के किसी भी प्रावधान के संबंध में कोई भी संदेह या विवाद होने के मामले में, भारत सरकार का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

13.5 विपणन प्राधिकार आवेदक को सक्षम प्राधिकारी के कानून, नियमों या विनियमों के तहत आवश्यक अन्य मंजूरी प्राप्त करने के दायित्व से मुक्त नहीं करता है। इसके अलावा, इस संकल्प के किसी भी खंड के तहत की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई किसी सक्षम प्राधिकारी के किसी कानून, नियमों, विनियमों के तहत किसी अन्य कानूनी कार्रवाई से कंपनी को मुक्त नहीं करती है।

14. जैसा कि यह संकल्प केवल एमएस और एचएसडी से संबंधित है, ऊपर उल्लिखित दिनांक 8.3.2002 और 10.08.2015 के पूर्व संकल्प, जहां तक एमएस और एचएसडी का संबंध है, इस संकल्प द्वारा अधिक्रमित हो जाएंगे; जबकि एटीएफ और बायो-डीजल से संबंधित प्राधिकार मौजूदा नियमों के अनुसार संचालित होते रहेंगे।

15. इसमें निहित निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और अगले आदेश तक लागू रहेंगे।

आशीष चटर्जी, संयुक्त सचिव (विपणन)

MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS

RESOLUTION

New Delhi, the 8th November, 2019

No.P-12029(11)/2/2018-OMC-PNG–The Government of India *vide* Resolution No. P-20012/29/97-PP dated 21st November, 1997 decided on phased dismantling of Administered Price Mechanism (APM) of motor spirit (MS), high speed diesel (HSD) and aviation turbine fuel (ATF). Thereafter, based on a Report submitted by the Group of Ministers working out a specific framework for developing "Indian Hydrocarbon Vision-2025" in March 2000, the Government of India decided to grant authorization to market transportation fuels to the new entrants including the private sector, *vide* Resolution No. P-23015/1/2001-Mkt dated 8th March, 2002. Thereafter, *vide* Resolution No. P-11013/1/2-15-Dist dated 10th August, 2015, the said Resolution was revised to include bio-diesel also. The guidelines contained in the said Resolution continue to regulate the grant of authorization process till date.

2. In view of changed marketing dynamics and to further improve service levels in retail marketing by introducing more competition from private sector marketing companies, an Expert Committee was constituted by this Ministry vide its Order no. P-12029(11)/2/2018-OMC-PNG dated 5th October, 2018 to look at various issues related to implementation of existing guidelines for grant of authorization to market transportation fuels. The report has recommended measures to increase private sector participation, including foreign players in the marketing of MS and HSD while also encouraging dispensing of alternate fuels and augmentation of retail network in remote areas and ensuring higher levels of customer service.

3. The Government of India, after having considered the above Report and comments received from various stakeholders, has now decided to revise guidelines for granting authorization to market transportation fuels viz, MS and HSD to new entrants including the private sector and also make certain amendments in the terms and conditions for the already authorized entities and the Public Sector Undertaking (PSU) oil marketing companies (OMCs). Accordingly, the earlier Marketing Resolutions dated 8th March, 2002 and 10th August, 2015 would cease to be operative only in respect of MS and HSD and the revised guidelines as detailed here under shall be effective for MS and HSD from the date of publication of the same in the Gazette of India.

4. Considering that retail and bulk business of marketing of transportation fuels (MS and HSD) are different in nature, entities may either apply for retail business or bulk business or both.

